संख्या- 2/2021/66626-47-1099/4/2021

प्रेषक,

जय प्रकाश तिवारी
उप सचिव,
कार्मिक विभाग
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक 24 मई, 2021

विषयः- विभागीय चयन समिति की बैठक आयोजित किये जाने हेतु कार्मिक विभाग को पत्रावलियाँ/प्रस्ताव ई-आफिस के माध्यम से प्रेषित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्मिक अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-5/2020/13(2) 2019 -का-1-2020 दिनांक 31.08.2020 का संदर्भ ग्रहण करें।

2. उपर्युक्त के क्रम में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्मिक विभाग द्वारा मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली विभागीय चयन समिति की बैठकों को (वीडियों कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से) ई-आफिस के माध्यम से संपन्न कराया जा रहा है।

3. वर्तमान चयन वर्ष 2020-21 जून, 2021 तक ही है। अतः आपसे अनुरोध है, कि कृपया वर्तमान चयन वर्ष हेतु ऐसे समस्त चयन जिन्हें कार्मिक विभाग द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कराया जाना है, हेतु प्रस्ताव समस्त अभिलेखों सहित, ई-आफिस के माध्यम से कार्मिक विभाग को यथाशीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
(जय प्रकाश तिवारी)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in